LET'S DRIVE NJ

# अपनी पहचान पत्र की प्राप्ति से जुड़े अपने अधिकारों को जानें

## न्यू जर्सी के सभी निवासी स्टैंडर्ड ड्राइवर लाइसेंस या गैर ड्राइवर पहचान पत्र के लिए आवेदन करने के योग्य हैं। आपके लिए इन बातों का जानना ज़रूरी है।

**आप मोटर वाहन आयोग (एमवीसी) के किसी भी कार्यालय से अपना लाइसेंस बनवा सकते हैं और उसके लिए आप ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।**
पहचान पत्र के लिए आपको शुल्क अदा करना होगा, लेकिन अपॉइंटमेंट बिल्कुल निःशुल्क है। (एमवीसी सूचना: https://nj.gov/mvc)

**एमवीसी आपके अपॉइंटमेंट के दौरान आपको अनिवार्य रूप से भाषा संबंधित सहायता मुहैया कराएगा या आपको एक दुभाषिया लाने की अनुमति देगा- लेकिन सड़क जाँच के समय व आपके साथ कार में नहीं होंगे।**

- एमवीसी आपको फ़ोन अनुवाद सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है- या आप स्वयं भी अपने लिए एक दुभाषिया ला सकते हैं। लेकिन सड़क जाँच के दौरान आपके साथ किसी को भी नहीं, यहाँ तक कि आपके दुभाषिया/अनुवादक को भी आपके कार में आपके साथ होने की **अनुमति नहीं होगी।**
- लिखित जाँच इन भाषाओं में उपलब्ध होगी: अंग्रेजी, अरबी, मैंडेरिन, फ्रेंच, स्पैनिश, कोरियाई, पोलिश, पुर्तगाली, रूसी व जापानी।
- मौखिक जाँच अंग्रेजी व स्पैनिश भाषा में उपलब्ध होगी।

**आपको अपने कागज़ात का अंग्रेजी अनुवाद बिना किसी पेशेवर अनुवादक की सहायता के करना होगा।**
आपके कागज़ात का अनुवाद वो कोई भी व्यक्ति कर सकता है उम्र 8 वर्ष या उससे ऊपर की हो तथा उसे अंग्रेजी और अन्य भाषा का ज्ञान हो अनुवादक को शुद्धता की पुष्टि करते हुए एक प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। प्रमाण पत्र का नमूना: **https://www.state.nj.us/mvc/pdf/license/Sample%20Certificate%20of%20Translation.pdf**

**लाइसेंस लिए आपको इन्हें प्रस्तुत करना होगा-**

- **पहचान का प्रमाण-** आपको एक प्राथमिक कागज़ात और एक अतिरिक्त कागज़ात की आवश्यकता होगी जो पहचान पत्रों के छह बिंदुओं के भाग में सम्मिलित हैं, जिनको यहाँ सूचीबद्ध किया गया है: **https://www.state.nj.us/mvc/pdf/license/Standard_License_Sheet_Engl.pdf**
- **न्यू जर्सी का निवास प्रमाण-** आपको वह कागज़ात दिखाना होगा जिसमें आपके नाम के साथ आपके न्यू जर्सी के निवास का पता अंकित होगा, जैसे कि- यूटिलिटी बिल या लीज़ एग्रीमेंट।
- **सोशल सिक्योरिटी नम्बर (एसएसएन) या इंडिविज़ुअल टैक्स पेयर आईडी नम्बर (आईटीआईएन)** या शपथ पत्र (एफ़िडेबिट) जिसमें ये लिखा हो कि आपके पास ना तो एसएसएन है, ना ही आईटीआईएन और आप एसएसएन पाने के लिए योग्य नहीं हैं। **अगर आपको सोशल सिक्योरिटी नम्बर या आईटीआईएन, आधिकारिक रूप से जारी किया जा चुका है तब वैसी स्थिति में आप एफ़िडेबिट का इस्तेमाल नहीं कर सकते।** आईटीआईएन के साथ आपको एक आईटीआईएन सहमति पत्र या कर की विवरणी प्रस्तुत करनी होगी जिस पर आपका आईटीआईएन अंकित होगा। आपको अपने एफ़िडेबिट फ़ॉर्म पर एमवीसी के एक कर्मचारी के सामने हस्ताक्षर करना होगा या उसे नोटराइज़ कराना होगा। एफ़िडेबिट फ़ॉर्म यहाँ उपलब्ध है : **https://www.state.nj.us/mvc/pdf/license/affidavit.pdf**

एमवीसी का कर्मचारी आपसे मत के लिए पंजीकरण करने के लिए पूछ सकता है या मत संबंधी जानकारी आपको मेल द्वारा भेजी जा सकती है। **लेकिन अगर आप अमेरिकी नागरिक नहीं हैं तो आप मत के लिए पंजीकरण नहीं कर सकते।** गैर-नागरिक होते हुए भी मत के लिए पंजीकरण करने में- आप पर कानूनी कार्यवाही, आपके निर्वासित होने या भविष्य में अमेरिकी नागरिक बनने की संभावना के पूरी तरह से खत्म हो जाने जैसा ज़ोखिम शामिल होगा।

**एमवीसी आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकता है, लेकिन कानूनी तौर पर आपकी जानकारी को लेकर पूरी गोपनीयता बरती जाएगी जिसे केवल विशेष परिस्थितियों में ही साझा किया जा सकेगा।**

- एमवीसी आपकी व्यक्तिगत जानकारी, न्यायाधीश या अदालती पेशी की स्थिति को छोड़कर, संघीय अप्रवासन प्रवर्तन के प्रायोजन के लिए, बिना आपकी लिखित अनुमति के साझा **नहीं कर सकता**।
- एमवीसी निश्चित रूप से आपकी जानकारी को अपने डेटाबेस में संग्रहित **करता है** तथा उस जानकारी को नियुक्तिकर्ता पुष्टिकरण और वाहन सुरक्षा जैसे विशेष कारणों के लिए- उसे विधि-व्यवस्था, न्यायालयों व व्यवसायिक संस्थाओं के साथ साझा **कर सकता है**।

आप जब अपने लिए स्टैंडर्ड लाइसेंस या पहचान पत्र के लिए आवेदन देते हैं और अगर आप पर पहचान को लेकर धोखाधड़ी करने की जाँच नहीं चल रही तो एमवीसी आपके पहचान पत्र की प्रतियाँ अपने पास **नहीं रख सकता है।**

**गोपनीयता को लेकर सभी प्रतिबंधित बिंदुओं को यहाँ पढ़ें: https://www.state.nj.us/mvc/pdf/business/DriversPrivacyProtectionAct.pdf**

अपने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने से पहले एक वकील से संपर्क करें अगर: आप पर निर्वासन कार्यवाही हो चुकी है, आप पुलिस द्वारा रोके जा चुके हैं, आप पर किसी अपराध के लिए मुकदमा हो चुका है, आपको पहले भी ड्राइवर लाइसेंस जारी किया जा चुका है, आपको बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के लिए रोका जा चुका है या आपको सोशल सिक्योरिटी नम्बर को लेकर किसी भी प्रकार का प्रश्न है।

अपने अधिकारों और अप्रवासी न्याय को लेकर सजग रहें:
**www.aclu-nj.org**
**www.njimmigrantjustice.org**
**www.letsdrivenj.org**

**अगर आपके साथ दुर्व्यवहार हुआ है या आपके अधिकारों का हनन हुआ है तो आप एमवीसी के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं:**
इस नम्बर पर कॉल करें- 609-292-6500 या 888-486-3339
यहाँ ईमेल करें- MVC.Correspondence@mvc.nj.gov
पत्राचार करें- मोटर व्हीकल कमिशन, कस्टमर एडवोकेसी ऑफिस, पी.ओ. बॉक्स 403 ट्रेंटन, एनजे 08666

ACLU New Jersey

** यह संसाधन सिर्फ और सिर्फ आपकी जानकारी के लिए हैं, आपकी कानूनी सलाह के लिए नहीं। अगर आपको गोपनीयता या राजकीय पहचान पत्र के आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार के अन्य सुझाव की आवश्यकता हैं वो एक वकील से संपर्क करें।*